तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 8 दिसंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



12 सौ दिवसीय निक्षय निरामय अभियान की शुरूआत



14 अर्जुनी थाना के पीछे खईया में बनेगा खेल मैदान








## खबर संक्षेप

### वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों का सम्मान 9 को

**धमतरी।** भोथली भाजपा मंडल के महामंत्री प्रीतम साहू के जन्म दिवस पर 9 दिसंबर सोमवार को वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों का सम्मान कार्यक्रम निज निवास में दोपहर 12 से 3 बजे तक रखा गया है।

### सांकरा में क्रिकेट स्पर्धा 9 से

**नगरी।** इस वर्ष भी ग्राम पंचायत सांकरा में फ्रेंड्स इलेवन स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में सांकरा प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन 9 से 11 दिसंबर तक किया जा रहा है। प्रवेश की अन्तिम तिथि 7 दिसंबर है। स्पर्धा की तैयारी में बबला श्रीमाली, योगेन्द्र बोरझा भूपेन्द्र यादव, प्रेमानंद ध्रुव, मनीष जुटे हैं।

### उमरगांव में आज होगी मड़ई

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में आज 8 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में गांव के देवी-देवताओं को न्योता दिया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोककला मंच मोर संगवारी ग्राम भोथली (कुरूद) की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में ग्राम सुरक्षा समिति अध्यक्ष कृष्णा मारकोले, महेश अग्रवाल, मंशाराम सोम, लखन पुजारी, जनक साहू, नारायणदास मानिकपुरी, छगन साहू, सुरेश मरकाम जुटे हैं।

### छिंदीटोला में छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम आज

**नगरी।** ग्राम पंचायत उमरगांव के छिंदीटोला में आज रात्रि को मोर गांव के भुईंया ग्राम माउलीभाटा जिला नवापारा (ओडिशा) का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में सुरेश मरकाम सरपंच उमरगांव, सोमन मरकाम, उमेश मरकाम, शिव नेताम, प्रहलाद मरकाम, भीष्म मरकाम, रामभरोस मरकाम, नारायण मरकाम जुटे हुए हैं।

सिटी कोतवाली के बाजू में हुई चोरी की घटना से मचा हड़कंप

# धमतरी के मुख्य डाकघर में लाखों की चोरी





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बाथरूम की खिड़की व दीवार तोड़कर चोर मुख्य डाकघर में प्रवेश कर लॉकर को काटकर लाखों रूपए की चोरी कर फरार हो गए। सिटी कोतवाली से महज कुछ कदम की दूरी पर स्थित मुख्य डाकघर में हुई चोरी की घटना शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

शहर के मध्य में मुख्य डाकघर स्थित है। शुक्रवार की शाम काम समाप्त होने के बाद पोस्टमास्टर व कर्मचारी डाकघर में ताला लगाकर घर चले गए। रात्रि में चौकीदार धमेंद्र साहू ड्यूटी पर था। शनिवार की सुबह कर्मचारी ड्यूटी करने डाकघर पहुंचे। इस दौरान कर्मचारियों को सब कुछ सामान्य लग रहा था। लॉकर प्रभारी लॉकर रूम पहुंचा तो ताला व चैन टूटा हुआ था। लॉकर रूम के भीतर का नजारा देख कर्मचारियों के होश उड़ गए। लॉकर कटा हुआ था। अज्ञात चोर ने गैस कटर की मदद से लॉकर की लोहे की मोटी चादर को काटकर भीतर रखे 6 लाख 68 हजार रूपए की चोरी कर ली थी।

घटना के दौरान दिलचस्प बात यह सामने आई है कि चौकीदार लॉकर रूम से कुछ दूर हाल में चटाई बिछाकर सोया था। चोर खिड़की तोड़कर भीतर प्रवेश कर लॉकर रूम का ताला व चैन तोड़कर गैस कटर से लॉकर काटकर लाखों रूपए ले गये। चोर ने लॉकर रूम में लगे सीसी टीवी कैमरे में कपड़ा बांध दिया और जाते-जाते डीवीआर का हार्डडिस्क भी साथ ले गये। पोस्टमास्टर जनकराम ध्रुव ने पुलिस को सूचना दी। थाने के बाजू में हुई चोरी की घटना से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। सूचना पर डीएसपी नेहा पवार, कोतवाली प्रभारी राजेश मरई दलबल के साथ डाकघर पहुंचे। वहीं साइबर की टीम भी पहुंच गई। जांच के लिए डाग स्क्वायड व रायपुर से फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया गया। डाक विभाग रायपुर के प्रवर अधीक्षक सरजीत सरकार व कम्पलेन इंस्पेक्टर राजेश राठौर भी डाकघर पहुंचे थे। पुलिस घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आसपास लगे कैमरे को खंगालने में जुट गई। पुलिस चौकीदार को थाना लाकर पूछताछ कर रही है।

### पुलिस सभी एंगल से कर रही जांच

घटना के संबंध में डीएसपी नेहा पवार ने मीडिया को बताया कि पोस्टमास्टर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच में में जुट गई है। अज्ञात चोरों ने पीछे की खिड़की की ग्रिल तोड़कर भीतर प्रवेश कर लॉकर को गैस कटर की मदद से काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

### दो दिन पहले हुआ था महासमुंद के डाकघर में चोरी का प्रयास

धमतरी के मुख्य डाकघर में हुई चोरी की घटना के दो दिन पहले महासमुंद के मुख्य डाकघर में अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन चौकीदार की सजगता के कारण चोरों को वापस लौटना पड़ा था।

## मौसम : गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रविवार को प्रदेश के अनेक जिलों में सामान्यतः बादल छाए रहने और हल्की से माध्यम बारिश की संभावना है। अगले दो दिन तक अधिकतम तापमान में गिरावट तथा न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने के आसार बने हुए हैं। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात हो सकता है। मंगलवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की स्थिति रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर भारत में समुद्रतल से 12.6 किमी की ऊंचाई पर 120 नॉट गति की जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभ मंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक द्रोणिका के रूप में है जिसकी धुरी समुद्रतल से 5.8 किमी ऊपर है। यह अक्षांश 28 अंश नार्थ के उत्तर में देशांतर 68 अंश इस्ट के साथ बनी हुई है। इसके प्रभाव से रविवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने तथा एक दो स्थानों पर गरज- चमक के साथ वज्रपात हो सकता है। आकाश के मेघमय रहने से अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री तथा 20 डिग्री के आसपास रहेगा।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

# हाईवा की ठोकर से बाइक सवार छात्र की हुई मौत, दूसरा गंभीर

**सनौद के पास हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



स्कूल से घर लौट रहे बाइक सवार छात्रों को तेज रफ्तार हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक छात्र की मौत हो गई है, वहीं दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार उज्जवल साहू उम्र 16 वर्ष पिता धरम ग्राम सनौद जिला बालोद निवासी आत्मानंद स्कूल ग्राम अरमरीकला में कक्षा 10वीं का छात्र था। वहीं खेमेंद्र कतलाम उम्र 11 वर्ष ग्राम बोहारा थाना सनौद निवासी उसी स्कूल में कक्षा 6वीं की पढ़ाई कर रहा है। शनिवार को छात्र उज्जवल अपने पिता की मोटर साइकिल से स्कूल गया था। छुट्टी होने पर दोनों छात्र बाइक में सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान ओवरटेक के चक्कर में तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार छात्रों को चपेट में लिया। इस घटना में छात्र उज्जवल की गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों छात्रों को मसीही अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने छात्र उज्जवल को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल खेमेंद्र को भर्ती किया गया। घायल का उपचार जारी है। अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

पोटाश बम के विस्फोट से आई थी गंभीर चोट

# जिंदगी की जंग हार गया चार साल का अगहन



■ इंसानी क्रूरता और मां से बिछड़ने का दर्द न सह सका शावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पोटाश बम से घायल शावक हाथी ने शनिवार को दम तोड़ दिया। एक माह पहले 7 नवंबर की रात पोटाश बम का शिकार बने शावक हाथी अगहन को बचाने उदंती सीतानदी रिजर्व फारेस्ट के उपनिदेशक वरूण जैन ने अपनी पूरी टीम और जंगल सफारी से आए डाक्टरों की टीम के साथ खूब मेहनत की। उपचार के दौरान एक बार तो ऐसा लगा कि अगहन बच जाएगा, लेकिन शनिवार को उसने दोपहर 3.35 बजे आखिरी सांस ली।

एक माह पहले मुखबिर ने रिसगांव क्षेत्राधिकारी को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के सीतानदी क्षेत्र के सातलोर बीट में खून के बिखरे होने की जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी ने अपने स्टाफ के साथ मौके पर जांच शुरु की। टीम को पोटाश बम का टुकड़ा मिला। इसके बाद एंटी पोचिंग टीम ने वन विभाग के दल के साथ 6 किमी तक खून के धब्बे का पगमार्क ट्रेस किया। टीम ने आशंका जताई कि बम फटने से हाथियों का दल अलग- अलग 4 दल में बंट गया। इसी दौरान घायल शावक और उसकी मां झुंड से अलग हो गए। ड्रोन की मदद से तीन दिन तक घायल हाथी की तलाश की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीसीएफ वाइल्ड लाईफ सतोविशा समाजदार, जंगल सफारी के डा.राकेश वर्मा अपनी टीम के साथ शावक हाथी को बचाने जुट गए। आखिरकार इंसानी क्रूरता के सामने नन्हा हाथी अगहन की मौत हो गई।

### गांवों में कराई गई मुनादी

उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र में बुजुर्ग कमार महिला का तेंदुआ द्वारा शिकार किए जाने के बाद वन विभाग अलर्ट हो गया है। तेंदुआ निगरानी दल उत्तर सिंगपुर मड़ेली, बुढ़ाराव, बकोरी में मुनादी कर लोगों को रात में जंगल जाने से मना करने के साथ वन्य प्राणी तेंदुआ के विचरण करने की जानकारी दे रहा है। रात में घर का दरवाजा लगाने तथा तेंदुआ दिखने पर वनकर्मियों को सूचना देने की बात कही है।

### वन्यप्राणी अपराध की सूचना पर मिलेगा इनाम

वन मंडल धमतरी जिले से संबंधित वन एवं वन्य प्राणी अपराध की सूचना मिस्ड काल या व्हाटसप मैसेज के माध्यम से 8889096666 नंबर पर दिया जा सकता है। सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाएगा। 500 रुपए से लेकर 20 हजार रूपए तक पुरस्कार दिया जाएगा। यह सूचना धमतरी वन मंडल ने जारी की है।

### ▸ चोट के अलावा अकेलापन बना घातक

पोटाश बम से घायल होने के बाद अगहन 20 दिन तक अपने दल और मां के साथ रहा। 10 दिन पहले मां ने भी अपने बेटे का साथ छोड़ दिया। पोटाश बम ने अगहन की जीभ के निचले हिस्से को बुरी तरह जख्मी कर दिया था। अकेलापन और दर्द के साथ जी रहे शावक को जिंदगी और मौत की लड़ाई में हार का सामना करना पड़ा।

### ▸ परिवार का एक सदस्य खो दिया

हाथी-मानव द्वंद के बीच अगहन का बचना एक सेतु का काम कर सकता था। उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि अगहन की मौत से टीम में मायूसी है। उसे बचाने हरसंभव प्रयास किया गया। विशेष रूप से दो महावत की ड्यूटी लगाई गई थी। टीम दिन-रात उसके निगरानी और देखरेख कर रही थी। अगहन की हालत दिनोंदिन खराब होती गई। सारी कोशिश के बाद भी उसे बचा नहीं पाए। ऐसा लग रहा है कि हमने अपने परिवार का एक सदस्य खो दिया है।




## खबर संक्षेप

### बाल विवाह शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधक

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीके पाठक के निर्देशन एवं रासेयो इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में छात्रों को बालविवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई। बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा , स्वास्थ्य और विकास में बाधा है तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। दुनिया के कई हिस्सों में बाल विवाह एक प्रचलित प्रथा है। भले ही दुनिया तेजी से विकसित हो रही है, लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो समय के साथ आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। बाल विवाह को समाप्त करने के लिए हमें इस मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ानी चाहिए। माता-पिता और बच्चों को शिक्षित होना होगा। इस सामाजिक मुद्दे से निपटने के लिए कानून बनाये गये हैं जिसकी जानकारी सभी वर्ग तक पहुंचाना होगा। कार्यक्रम में डा. चन्द्रिका साहू, डा. वेदवती देवांगन, डा. तामेश्वरी साहू, डा. दूजराम टंडन, खेदूराम भारती, डा सरला द्विवेदी, रीता लकरा, जयश्री पंचांगम, कृष्णा देवांगन समेत अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### बल्दीबाई कंवर

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी बल्दी बाई कंवर 79 वर्ष का 5 दिसंबर गुरूवार को स्वर्गवास हो गया। वे उमराव कंवर की मां, सरपंच प्रीतबाई कंवर की सास, चोवाराम की मां व गुलशन कंवर, चेतन कंवर की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### हेमलाल यदुराज



**नगरी।** ग्राम गोरेगांव निवासी हेमलाल यदुराज का आकस्मिक निधन 6 दिसंबर शुक्रवार को हो गया। वे अनुसुइया यदुराज के पति, गजेंद्र यदुराज, कमल यदुराज के पिता, जयदेव यदुराज के दादा थे। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में स्वजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

### सुखीराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम अरौद मेघा निवासी सुखीराम साहू 82 वर्ष का 5 दिसंबर गुरूवार को निधन हो गया। वे पंचायत सचिव ओमप्रकाश साहू, धर्मेन्द्र साहू के पिता, तीरथराम साहू के दादा व तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष डॉ सुशीला साहू के ससुर थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

टीबी मुक्त कुरुद बनाने की जायेगी रोगों की पहचान व उपचार

# सौ दिवसीय निक्षय-निरामय अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा देश में टीबी रोग के उन्मूलन हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान की शुरुआत कुरुद विकासखंड में 7 दिसम्बर को विधायक अजय चन्द्राकर के मुख्य आतिथ्य में की गई। कुरूद के ऑडोटोरियम हॉल में आयोजित इस अभियान के विषय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल. कौशिक एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिया कंवर ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय वयोवृद्ध स्वास्थ्य संरक्षण कार्यकम, अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को शामिल करते हुए निक्षय निरामय अभियान चलाया जाना है।

इस अभियान में टीबी के शंकास्पद मरीजों की खोज, उच्च जोखिम समूहों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन, कुष्ठ शंकास्पद मरीजों की खोज, वयोवृद्ध व्यक्तियों की हेल्थ प्रोफाईल के साथ स्वास्थ्य जांच, पुष्टि एवं स्वास्थ जीवन शैली हेतु जागरूक किया जायेगा।

इस अवसर पर श्रीमती ज्योति भानु चंद्राकर पूर्व नगर पचायत अध्यक्ष, रविकांत चंद्राकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, कमलनारायण देवांगन जीवनदीप सदस्य, गोकुल राम साहू सदस्य जीवन दीप समिति , मालक राम साहू, भोजराम सिन्हा, प्रभात बैस, मूलचंद सिन्हा, डॉ टीआर ध्रुव, डॉ यूएस नवरत्न, आशीष वैष्णव, श्रीकांत चंद्राकर, एके साहू, रोहित पाण्डेय, क्षितिज साहू, समस्त सेक्टर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आरएचओ, मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।




### हितग्राहियों को वॉकर स्टिक, फूड बॉस्केट, चश्मा बांटा गया

इस अवसर पर हितग्राहियों को फूडबास्केट, चश्मा, सुनने की मशीन, वाकर स्टिक का वितरण विधायक एवं उपस्थित जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों ने किया। साथ ही प्रचार रथ को भी हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

**स्वास्थ्य के प्रति जागरूक व जिम्मेदार बने : अजय**

मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि टीबी रोग जांच एवं उपचार से ठीक होने वाल साध्य बीमारी है, हमें जागरूकता और उचित खान-पान से टीबी एवं अन्य गंभीर बीमारीयों से हम बच सकते हैं। सबके प्रयास से हमारे देश से पोलियो जैसी बीमारी को जड़ से खतम कर चुके हैं। भारत अब विकसित राष्ट्र बनने को अग्रसर है। अब हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और एक जिम्मेदार नगारिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा भाव से करना होगा।

### विश्व एड्स दिवस पर छात्रों, शिक्षकों ने बनाई मानव श्रृंखला

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि सिलौटी में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों व शिक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर बनाकर एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर रासेयो प्रभारी संतोष जैन ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना तथा इसके प्रसार को रोकने के उपायों को बल देना तथा एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ सहानुभूति और सम्मानपूर्वक व्यवहार को प्रोत्साहित करना है। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा दसवीं ग्रुप विजेता तथा ग्यारहवीं उपविजेता रहे। वरिष्ठ व्याख्याता एके यादव ने छात्रों से संयमित जीवन अपनाने व स्वस्थ समाज की स्थापना पर बल दिया।

## दरबा में मितानिनों एवं स्वच्छता दीदियों का किया गया सम्मान



■ मितानिन स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी : सीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम पंचायत दरबा में मितानिन दिवस मनाया गया। सभी मितानिनों का सरपंच सीमा बघेल ने साड़ी और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। सरपंच ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी मितानिन बहनें स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी है। स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन निचले स्तर पर इन्ही की सहायता से होती है। सरपंच ने कचरा कलेक्शन करने वाली स्वच्छता दीदियों का भी सम्मान किया।

इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सीमा बघेल, उपसरपंच प्रहलाद सपहा, पंचगण गुहलेद साहू, युवराज भतपहरी, कौशलेश आडिल, सोम साहू, श्रीमती पद्मनी साहू, उमेश्वरी निर्मलकर, ममता साहू, उर्मिला चेलक, ललिता सपहा, जामुन लहरे, शशिकला कोसरिया, संतोषी साहू, राजिम निर्मलकर, चमेली साहू, कला साहू, पार्वती साहू, दुलेश्वरी साहू, यमपुरी गोस्वामी रोजगार सहायक, छम्मन साहू भृत्य, रूपेश सपहा उपस्थित थे।

## 18 साल से कर रहे जोखिम भरा कार्य मिलता है केवल 6 हजार रुपए



हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

■ विद्युत ठेका श्रमिक विकास संगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर विधायक से की मुलाकात

छग विद्युत ठेका श्रमिक विकास संगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर विधायक अंबिका मरकाम से मुलाकात की। कर्मचारियों ने उनकी मांगों को विधानसभा सत्र में रखने की मांग की। उन्होंने विधायक को बताया कि 18 वर्ष से विभाग के लिए जोखिम भरा कार्य कर रहे हैं। उन्हें वेतन 6 से 9 हजार के बीच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कई जिलों में टेंडर नहीं होने के कारण भी विभाग द्वारा 7 से 8 महीने का वेतन जब दिया जा सकता है तो उन्हें क्यों नहीं दिया जा सकता। शासकीय, अर्ध शासकीय निगम मंडल में कार्यरत अकुशल, कार्यकुशल, उच्चकुशल श्रेणी में कार्य कर रहे श्रमिकों को 4000 रुपये देने की घोषणा की गई थी जो अभी तक आप्राप्त है। उन्होंने दिल्ली व अन्य राज्यों की तरह 21000 रु केंद्रीय वेतनमान को छत्तीसगढ़ में लागू करने की मांग की। आगे कहा कि भाजपा ने चुनाव जीतने से पहले अपने जनघोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत 100 दिनों के अंदर अनियमित आउटसोर्स कर्मचारी के लिए कमेटी बनाकर उनकी मांग को पूरा करने की बात गई थी जो अब तक नहीं बनी। इस पर विधायक मरकाम ने कहा कि निश्चित तौर पर आप सभी की मांग जायज है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जो वादा किया था, उसे 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी पूर्ण नहीं किया। आपकी मांगों को सदन में जरूर उठाउंगी।

## विधायक से भवन निर्माण के लिए राशि की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम राजपुर के ग्रामीण साहू समाज ने सिहावा विधायक अंबिका मरकाम से भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की। ग्रामीण अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव यादराम साहू ने बताया कि गांव में सामाजिक बैठक व अन्य सामाजिक गतिविधियों के लिए सामाजिक भवन नहीं है। बैठक सार्वजनिक स्थान व किसी के घर में आयोजित करनी पड़ती है, जिससे दिक्कतें होती हैं। मांग पत्र के दौरान देवनारायण साहू, सुकुल साहू, किशुन साहू, रामेश्वर साहू, दीपक साहू, ठाकुरराम, संतोष साहू, केदार साहू उपस्थित थे।

### भोथली बूथ क्रमांक 178 के लोमश बने अध्यक्ष

**सिर्री।** कुरुद विधानसभा के ग्राम भोथली बूथ क्रमांक 178 में भाजपा बूथ समिति का गठन वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। भाजपा बूथ समिति अध्यक्ष लोमश देवांगन, महिला मोर्चा अध्यक्ष कौशिल्या पटेल एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेश नेताम का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

## कोंडापार में भारतरत्न बाबा साहेब को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम कोंडापार में भारतरत्न बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपसरपंच हेमंत नवरंगे, वरिष्ठ कांग्रेसी बलदाऊराम साहू, श्रीमती ऊषा बारले, तारा बांदे, सुखबती सिन्हा, मेहतरीन यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्योता भोज में बच्चों ने खाई आलू, चना की सब्जी



**डांडेसरा।** मितान धारा फाउंडेशन आर्गनाइजर ने शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भुसरेंगा के बच्चों को न्योता भोज कराया। बच्चों को खीर, पूड़ी, पापड़, अचार, चाकलेट, सलगा बड़ा, आलू चना की सब्जी खिलाई गई। प्रधानपाठक यूके कोसरिया ने इस आयोजन की प्रशंसा की। मौके पर फाउंडेशन की हेमलता यादव, जमुना पटेल, केशरी पटेल, झामिन पटेल, रूपाबाई, ललिता साहू, इंद्राणी साहू, वर्षा निर्मलकर, सियाबाई, शांतिबाई, चित्ररेखा ध्रुव, पिंकी निर्मलकर, पूजा, दयाबाई, कोमल साहू, ईश्वरीबाई, पूर्व सरपंच रामाधीन निर्मलकर समेत अन्य उपस्थित थे।

मेडिकल रिलीफ फंड की सप्तम वार्षिक पत्रिका का हुआ विमोचन

## आज स्कूलों में नैतिक एवं मानवीय गुणों की शिक्षा की जरूरत : भानु



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति कुरूद द्वारा संचालित मेडिकल रिलीफ फंड के सात वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक पत्रिका का विमोचन वीआरसीसी भवन कुरूद में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भानु चंद्राकर अध्यक्ष वन्दे मातरम् समिति कुरूद ने मेडिकल रिलीफ फंड की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा व परोपकार का कार्य हम सबके लिए प्रेरणा दायी है। ऐसे कार्य से ही अच्छे एवं नैतिक गुणों से परिपूर्ण समाज का निर्माण होगा। वर्तमान में बच्चों को नैतिक एवं मानवीय गुणों की शिक्षा देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि चन्द्रकुमार साहू बीईओ कुरूद ने संघ के सेवाभावी कार्य की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि कुलेश्वर सिन्हा बीआरसीसी कुरूद ने कहा कि संघ की ऐसी सृजनात्मक सेवा से प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरुषोत्तम निषाद अध्यक्ष मेडिकल रिलीफ फंड ने की। संघ के अध्यक्ष हुमन चंद्राकर ने फंड की विशेषता के बारे में चर्चा की। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष भावना द्विवेदी ने भी विचार रखे। सचिव महेंद्र सोरी ने इस फंड से जुड़कर सेवा कार्य के लिए अपील की। मौके पर मनीषदेव वर्मा, मनोज देवांगन, मिथिलेश कंवर, चैन साहू, डामेंद्र साहू, हरीश निर्मलकर, द्वारिकाप्रसाद चंद्राकर, घनश्याम वर्मा, ललित कश्यप, गोपी चंद्राकर, पारेश्वरी साहू, वासंती देवांगन, ऊषा लहरे, हेमलता कंवर, कल्याणी सोनवानी, भावना लावत्रे, सतरूपा साहू, मधु दीवान, पुरुषोत्तम सेन, महेश गंजीर समेत अन्य उपस्थित थे।

## पीजी कालेज में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 2 दिसम्बर से आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है। प्रातः 9 बजे से बीएससी संकाय की परीक्षा, प्रातः 11 बजे से वाणिज्य संकाय की परीक्षा एवं दोपहर 1 बजे से बीए की आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा संचालित हो रही है। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीएससी होम साईंस प्रथम सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं के साथ संबंधित कक्षाओं के व्दितीय एवं तृतीय वर्ष के परीक्षार्थियों की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा सम्पन्न हो रही है।



## सशिमं मड़ाईभाठा में जिला सह संघचालक ने लगाई शाखा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मड़ाईभाठा में जिला सह संघचालक जितेन्द्र यदु ने छात्रों को शारीरिक एवं संघ प्रार्थना कराई। श्री यदु ने बताया कि अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विवादित ढांचे को लाखों की संख्या में पहुंचे कारसेवकों ने गिरा दिया था। इसके बाद पूरा देश सांप्रदायिक हिंसा की आग में जलने लगा था। इस घटना के बाद हिंदू इस दिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाते थे। यह जानकारी आचार्य अमन राव ने दी है।



106 स्कूलों में आयोजित की गई परख परीक्षा

# 2534 छात्र परख परीक्षा में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

डाइट नगरी के प्राचार्य प्रकाश राय, परख प्रभारी श्रीमती संगीता रनघाटी व्याख्याता एवं जोहन नेताम व्याख्याता डाइट नगरी के मार्गदर्शन पर धमतरी जिले के शासकीय विद्यालय एवं प्राइवेट विद्यालय के 106 स्कूलों में परख परीक्षा आयोजित की गई। प्रशिक्षण में 117 फील्ड इन्वेस्टिगेटर के रूप में डाइट नगरी के छात्र अध्यापकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। जिले के चारों विकासखंड धमतरी, कुरूद, मगलोड एवं नगरी के 106 स्कूलों का परीक्षा ली गई। प्राथमिक शाला के 35 विद्यालय, माध्यमिक शाला के 34 और हाईस्कूल के 37 विद्यालयों की राष्ट्रीय परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 1233 बालक और 1301 बालिकाएं राष्ट्रीय परख परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस परीक्षा को संपन्न कराने में चारों विकासखंड के विखं शिक्षाधिकारी, बीआरसी, डीएमसी, एपीसी सीएसी और संबंधित विद्यालय के प्रधानपाठकों ने सहयोग प्रदान किया। सहायक मास्टर ट्रेनर के रूप में द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक तरुणकांत राय मौजूद रहे। टेक्निकल सपोर्ट के रूप वेदप्रकाश साहू, भूपेंद्र साहू, भगवान दास, कुणाल देवांगन, युवराज एवं सभी छात्र अध्यापकों का विशेष सहयोग रहा।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाएं जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400


विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### निरंजन भटा के जनक हुए पंचतत्व में विलीन

सिर्री। राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत कृषक ग्राम धूमा निवासी लीलाराम



साहू का आकस्मिक निधन 6 दिसंबर शुक्रवार को हो गया। लीलाराम साहू भटा सब्जी की खेती करते थे। सब्जी उगाने वे जैविक खाद का ही उपयोग करते थे। लगभग ढाई से 3 फीट तक के भटा का उत्पादन करते थे। उसे निरंजन भटा का नाम दिया था। इसीलिए उन्हें भी निरंजन भटा का जनक कहा जाता था। राष्ट्रपति द्वारा उन्हें जैविक तरीके से सबसे लंबा भटा का उत्पादन करने राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया था। वे निरंजनराम साहू के पुत्र, ठगिया साहू के पति, बहुरराम साहू सरपंच धूमा, लखन साहू, शत्रुघ्न साहू के भाई और भूपेश, शंकर साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने काफी संख्या में समाजजन और ग्रामीणों की भीड़ रही।

- जैविक तरीके से सबसे लंबा भटा का उत्पादन करने पर राष्ट्रपति ने किया था पुरस्कृत

### धीवर समाज का परिचय सम्मेलन 8 को

**धमतरी।** धीवर समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 8 दिसंबर को नवांगाव मंदिर हसौद में आयोजित किया गया है। धीवर समाज महासभा के संरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि योग्य वर-वधु की तलाश में परिजनों का धन एवं कीमती समय बर्बाद हो जाता है।महासभा के प्रमुख सलाहकार सोहन धीवर, धमतरी परगना के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने बताया कि धमतरी के विवाह योग्य युवक युवतियों के लिए बस की व्यवस्था की गई है। बस 8 दिसंबर को प्रातः 8.30 बजे शीतला माता मंदिर से प्रस्थान करेगी।

### षष्ठम विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 से 20 तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 दिसम्बर से शुरू होकर 20 दिसम्बर तक चलेगा। इस सत्र में कुल चार बैठकें होंगी, जिसमें प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्न, ध्यानाकर्षण, शून्यकाल सूचना, अशासकीय संकल्प के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी ने अपर कलेक्टर जीआर मरकाम को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर बीएस मरकाम को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### अहिल्याबाई ने अपना पूरा जीवन राज्य और धर्म के उत्थान में लगाया

**मगरलोड।** शासकीय हाईस्कूल बोड़रा में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड स्त्रोत समन्वयक टामेश्वर सिंह ठाकुर तथा मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख कामता प्रसाद साहू थे। इस अवसर पर प्राचार्य श्याम सुंदर साहू ने कहा कि विद्यालय में महापुरुषों की जयंती मनाने के पीछे यही उद्देश्य है कि हम महापुरुषों के बारे में जाने, उनके जीवन से कुछ प्रेरणा ले। देवी अहिल्याबाई के जीवन में घटित घटनाओं के बारे में कविता के माध्यम से बताया। टामेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारे पूर्वजों से मिली सांस्कृतिक विरासत, कला व संस्कृति को सहेजकर रखे ताकि आने वाली पीढ़ी उनसे कुछ सीख सके, उनका अनुकरण कर सके। कामता प्रसाद साहू ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर ने जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए कार्य किया। साधारण कृषक परिवार में जन्मीं अहिल्या बाई असाधारण प्रतिभा की धनी थीं। सभी के साथ समान न्याय करती थीं। उन्होंने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को राज्य और धर्म के उत्थान में लगाया। मुगलों द्वारा ध्वस्त किए मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया। अपने राज्य के साथ-साथ देश के अन्य तीर्थों में भी कई मंदिर, बावड़ी, धर्मशाला आदि बनवाई। इस अवसर व्याख्याता एचके बंसोर, केके साहू, केएल साहू, डीके साहू एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### प्रदीप हॉस्पिटल में किया गया पित्ताशय की पथरी का इलाज

# आयुष्मान भारत योजना से महिला की फ्री में हुई लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

प्रदीप हॉस्पिटल कुरुद में आयुष्मान भारत योजना से एक 36 वर्षीय महिला की निःशुल्क लैप्रोस्कोपिक सर्जरी कर जान बचाई गई है। सीमित चिकित्सा सुविधा कहे जाने वाले इस शहर में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। यहां बड़े अस्पतालों में लगने वाले मोटी खर्च के साथ समय की बचत हुई है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गुदगुदा की 36 वर्षीय राधिका बाई पति योमन साहू पेट में दर्द और पित्ताशय में पथरी की समस्या से पीड़ित थीं। लंबे समय से उन्हें असहनीय दर्द हो रहा था लेकिन आर्थिक स्थिति के कारण वे बड़े अस्पतालों में इलाज कराने में सक्षम नहीं थीं। जब उन्हें प्रदीप हॉस्पिटल लाया गया तो डॉ. प्रदीप साहू और उनकी टीम ने उनका विस्तार से परीक्षण किया। उन्हें सर्जरी कराने की सलाह दी। तत्पश्चात डॉक्टर प्रदीप एवं विशेषज्ञों की टीम ने लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी (पित्ताशय की सर्जरी) सफलतापूर्वक किया।



#### एक घण्टे में ऑपरेशन व तीन दिन में हो गई छुट्टी

डॉ. साहू ने बताया कि लैप्रोस्कोपिक सर्जरी में छोटे-छोटे चीरे लगाए जाते हैं। एक घण्टे के भीतर ऑपरेशन हो जाता है। इसमें मरीज को कम दर्द और जल्दी रिकवरी मिलती है। मरीज को सर्जरी के तीसरे दिन ही छुट्टी दे दी जाती है। आधुनिक उपकरण और तकनीक से संक्रमण के जोखिम भी कम होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य आधुनिक चिकित्सा सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्र में सुलभ और किफायती बनाना है। उन्होंने बताया कि महिला का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त में किया गया। अगर यही ऑपरेशन रायपुर के किसी बड़े अस्पताल में कराया जाता तो इसकी लागत करीब 1 लाख रुपये होती।

#### आयुष्मान भारत योजना बनी वरदान

राधिका के पति योमन ने हॉस्पिटल और डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमने सोचा नहीं था कि इस तरह की अत्याधुनिक सर्जरी हमारे गांव के पास हो सकती है, वह भी मुफ्त में। यह हमारे लिए जीवन बदलने वाला अनुभव है। आगे कहा कि आयुष्मान भारत योजना जैसे कार्यक्रम गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान है। यह योजना उनके लिए वरदान साबित हुई है। इसके लिए उन्होंने राज्य के विष्णुदेव व केंद्र की मोदी सरकार का आभार माना है।

## भारत्तोलन स्पर्धा में कॉम्पटेक कालेज की कविता तृतीय रही



- दुर्गा महाविद्यालय रायपुर में हुई अंतर महाविद्यालयीन स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीन भारत्तोलन स्पर्धा का आयोजन दुर्गा महाविद्यालय रायपुर में किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतिस्पर्धा में कॉम्पटेक महाविद्यालय की कविता ढीमर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिला एवं महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशीष नामदेव ने इसे अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा बताया। कविता बी कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा है। इसके पूर्व भी कई प्रतियोगिता में कविता ने स्थान प्राप्त किया है।

**नियमितीकरण को लेकर बनाई रणनीति**

नगरी। सर्व विभागीय दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी महासंघ की वार्षिक बैठक नगरी में हुई जिसमें पूरे प्रदेश के कोने -कोने से कर्मचारी आए थे। नियमितीकरण को लेकर ठोस नीति तैयार की गई। कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

## जिला अस्पताल में दो सिविल सर्जन?

- डॉ.टोण्डर को मिला हाईकोर्ट का स्टे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला अस्पताल में सिविल सर्जन के प्रभार को लेकर असंमजस की स्थिति बन गई है। शासन के आदेश के बाद डा. टोंडर ने हाईकोर्ट से स्टे लेकर ज्वाइनिंग ले ली है। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य संचालनालय ने 21 नवंबर को आदेश जारी कर जिला अस्पताल धमतरी के सिविल सर्जन का प्रभार संभाल रहे डा. अरूण टोंडर का हटाकर उसके स्थान पर नेत्ररोग विशेषज्ञ डा.राजेश सूर्यवंशी को जिम्मेदारी थी। उसके बाद श्री सूर्यवंशी ने सिविल सर्जन के पद पर ज्वाइनिंग लेकर कामकाज संभाल लिया था। वहीं डा. टोंडर बैगर चार्ज दिए छुट्टी पर चले गए थे। इस दौरान डॉ.सूर्यवंशी को वित्तीय चार्ज नहीं मिला था। शासन के आदेश से असंतुष्ट डॉ. टोंडर हाईकोर्ट की शरण पर चले गए। हाईकोर्ट ने 4 दिसंबर को याचिका पर सुनवाई कर डा. टोंडर को स्टे दे दिया। शुक्रवार की शाम डॉ. टोंडर ने हाईकोर्ट के आर्डर के साथ जिला अस्पताल पहुंच सीएमएचओ कार्यालय में ज्वाइनिंग ले ली। शनिवार से डॉ. टोंडर ने सिविल सर्जन की कुर्सी दोबारा संभाल ली। वहीं डा. सूर्यवंशी शनिवार को छुट्टी पर चले गए। अब अस्पताल के सिविल सर्जन कक्ष में दो कुर्सी है। सिविल सर्जन के प्रभारी को लेकर दुविधा की स्थिति बनी हुई है। वहीं अस्पताल का स्टाफ भी असमंसज में है।



## बोर्ड डेकोरेशन इंट्रामुरल स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा, चारों हाऊस के बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

शाउमावि रामपुर में संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में बोर्ड डेकोरेशन इंट्रामुरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के चारों हाऊस सत्यम, शिवम्, सुंदरम, मधुरम हाउस के बच्चों ने हिस्सा लिया। बोर्ड डेकोरेशन इंट्रामुरल की थीम दीपावली, दशहरा, नवरात्रि, स्वच्छता, गणेश चतुर्थी से संबंधित ड्राइंग, स्टीकर, कोटेशन, मॉडल द्वारा अपने हाऊस बोर्ड को आकर्षक तरीके से डेकोरेट किया गया। सत्यम हाऊस के मेंटर केके वर्मा एवं एस. अग्रवाल, छात्रा खिलाक्षा भारती, वामिनी, नोमिका, शिवम हाऊस के मेंटर बीके निषाद एवं जे.ध्रुव, सुन्दर हाऊस के मेंटर एस.साहू एवं श्री साहू छात्र सोनी, युवरानी, तानिया, अंकिता, मधुरम हाउस के मेंटर जेके साहू एवं पी.शर्मा छात्र रूपेश्वरी, मोहिनी, हिमांशी, खिलेश्वरी द्वारा आकर्षक बोर्ड डेकोरेशन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल थे। इस अवसर पर संस्था के आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, एस.अग्रवाल, पी.शर्मा, एस.साहू, जे.ध्रुव, एल.सोन, एम.ठाकुर समेत छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे। इस प्रकार अलग अलग खेल प्रतियोगिता का आयोजन संस्था में प्रत्येक शनिवार को प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया जाता है। इससे छात्रों में छिपी प्रतिभा को निखारने का काम किया जाता है।



## स्थगित आरक्षक भर्ती प्रक्रिया आज से शुरु



- अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में दी गई तिथि के अनुसार उपस्थित होने कहा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

हाईकोर्ट के आदेश के बाद रूद्री में चल रही आरक्षक संवर्ग की भर्ती प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। भर्ती पर लगी रोक के हटने के बाद अब भर्ती प्रक्रिया रविवार से शुरु हो रही है। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में दी गई तिथि के अनुसार भर्ती केंद्र में उपस्थित होने कहा गया है। जिले की आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा 2023-24 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि उच्च न्यायालय द्वारा भर्ती पर रोक के आदेश को हटाए जाने के बाद आज 8 दिसंबर से भर्ती प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की गई है। 8 दिसंबर और इससे आगे की तिथि प्राप्त अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र में दी गई तिथि के अनुसार उपस्थिति देंगे। 27 नवंबर से 6 दिसंबर तक की अवधि वाले अभ्यर्थियों को दी जाने वाली नवीन तारीख से अवगत कराया जाएगा।

## फुटपाथ पर अवैध कब्जा, यातायात हो रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

**अतिक्रमण के कारण रोड की चौड़ाई हुई कम, कार्रवाई की उठी मांग**



शहर के सभी मार्ग में इन दिनों अवैध कब्जों की बाढ़ गई है। फुटपाथ व सड़क के किनारे अवैध पार्किंग, अवैध दुकानें, अवैध पसरा से सड़क की चौड़ाई दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। सुगम यातायात में बाधा आ रही है।

शहर के सदरबाजार, रायपुर रोड, बस्तर रोड, रूद्री रोड, रत्नाबांधा मार्ग, सिहावा रोड आदि स्थानों में फुटपाथ पर अवैध कब्जे से राहगीर हलाकान है। जिला पुलिस एवं निगम प्रशासन द्वारा अभियान चलाने के बाद लोगों में जागरूकता की कमी है। दोपहिया, चारपहिया वाहनों की अवैध पार्किंग से रोड में चलने लायक जगह नहीं बचती। राहगीरों को बीच सड़क पर चलना पड़ता है।

शहरी नागरिक प्रफुल्ल पटेल, निमेश साहू, शुभांकर पांडे, नीरज सोनी, दिनेश सोरी का कहना है कि सबसे पहले सड़क किनारे खड़े वाहनों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इसके लिए पार्किंग की व्यवस्था कर यातायात सुगम बनाने की दिशा में प्रयास होना चाहिए। फुटपाथ व्यवसायियों के लिए वेंडिंग जोन व दुकान आवंटित होनी चाहिए। दुकानों के सामने सामान फैलाकर रखने वाले दुकानदारों पर उचित कार्रवाई करें। रोड किनारे ठेला, गुमटी, सब्जी पसरा, फल दुकान, अंडा दुकान आदि को तत्काल हटाया जाए।

नागरिकों का कहना है कि शहर में फुटपाथ पर कब्जे की समस्या गंभीर होती जा रही है।बाजार, सड़क, फुटपाथ पर अवैध कब्जे से यातायात बाधित हो रहा है।

नागरिकों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। अतिक्रमण के चलते पैदल यात्रियों को बीच रोड पर चलना पड़ रहा है। रामबाग से लेकर घड़ी चौक तक वाहनों की अवैध पार्किंग से हर पल जाम लगता है। सुबह के समय खाली दिखने वाली यह सड़क 9 बजे के बाद संकरी हो जाती है। यह सिलसिला रात 8 बजे तक रहता है।

### टेलर ने फांसी लगाकर दी जान

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पोटियाडीह निवासी लीलेश साहू पिता प्रेमलाल उम्र 30 वर्ष टेलर का काम करता था। शुक्रवार की रात्रि युवक ने अपने घर के वेंटिलेशन में गमछा का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को घटना की जानकारी सुबह हुई। सूचना पर अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### बायोटेक्नोलॉजी की प्रायोगिक परीक्षा 12 को

**कुरूद।** एमएससी बायोटेक्नोलॉजी तृतीय सेमेस्टर के नियमित, भूतपूर्व एवं एटीकेटी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 12 दिसंबर को सुबह 11 बजे होगी। परीक्षार्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रायोगिक फाइल, लैब कोट, लेखन सामग्री के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

## रूद्री में अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- कॉलोनी डेवलप करने बनाई गई थी सड़क

अवैध प्लाटिंग पर एक्शन लेते हुए नगर निवेश ने रूद्री में एक अवैध प्लाटिंग को हटाया। यहां पर कालोनी डेवलप करने की नीयत से सड़क बनाई गई थी। जेसीबी मशीन से सड़क को ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में आए खर्च की वसूली प्लाटिंग करने वाले से की जाएगी।

जिले में अवैध प्लाटिंग की बाढ़ आ गई है। शहर के आसपास बड़ी संख्या में अवैध प्लाटिंग हो रही है। हरिभूमि ने जमीन के इस गोरखधंधे पर प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की है। इस खबर को संज्ञान लेते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले में चल रही अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस के तहत रुद्री स्थित पटवारी हल्का नंबर 45, खसरा नंबर 298 पर अवैध प्लाटिंग हटाई गई। यह जमीन ताम्रध्वज साहू के नाम पर दर्ज है। इस पर कॉलोनी निर्माण की नीयत से अप्राधिकृत रूप से रोड का निर्माण किया गया था। सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश नवीन कुमार ने बताया कि विधिक स्थिति को बनाए रखने हेतु जेसीबी मशीन के माध्यम से भूमि को उसकी पूर्व स्थिति में लाया गया। कार्रवाई के समय नगर तथा ग्राम निवेश, राजस्व विभाग के अधिकारी, तहसीलदार धमतरी सहित संबंधित पटवारी उपस्थित थे।



## अहिल्यादेवी की गणना आदर्श शासकों में की जाती है : डॉ. यशोदा

- यशवंतराव मेघावाले महाविद्यालय में जन्म त्रिशताब्दी वर्ष पर हुई व्याख्यानमाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के निर्देशन में लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष अवसर पर व्याख्यानमाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता श्रीमती कीर्ति लता साहू शिक्षिका शाउमावि मेघा, विशिष्ट अतिथि धनेश्वर निर्मलकर जिला कार्यवाहक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धमतरी, तामेश्वर ठाकुर बीआरसीसी शिक्षा विभाग मगरलोड, मैंनसिंह हिरवानी सदस्य व्यापारी संघ मगरलोड थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने बताया कि अहिल्याबाई अपनी कुशलता, उदारता के कारण प्रसिद्ध है, मानवता के लिए उन्होंने कई कार्य किए हैं। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. यशोदा साहू सहायक प्राध्यापक इतिहास ने बताया कि अहिल्याबाई होलकर ने बड़ी कुशलता से मालवा राज्य की बागडोर संभाली। उनकी गणना आदर्श शासकों में की जाती है। अपनी उदारता और प्रजा वत्सलता के कारण वे माता और देवी के नाम से विभूषित हुई। अहिल्यादेवी होल्कर ने अनेक मंदिर, घाट, कुआं, बावड़ी, मार्ग बनवाया। सदैव न्याय करने का प्रयत्न किया। लोकमाता अहिल्यादेवी की बुद्धिमत्ता, त्याग, पराक्रम और देश तथा समाज के लिए किए गए कार्यों को समाज को स्मरण करते रहना चाहिए।

मौके पर डॉ. घनश्याम देवांगन, कौशलेश ध्रुव, डॉ. राम चंद्राकार, निरूपा साहू, सुषमा समेत महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशोदा साहू ने किया।



घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्कूल सफाई कर्मचारी ने कराया न्योता भोज

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जोरातराई सि में पदस्थ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी दयानंद साहू ने अपने जन्मदिन पर कक्षा पहली से लेकर कक्षा आठवीं तक के छात्र छात्राओं को न्योता भोज में फल का वितरण किया। मौके पर अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के जिला मिडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक सुदामाराम साहू, माध्यमिक शाला प्रधानपाठक चंद्रशेखर साहू, शिक्षकगण, गोकुलेश्वर साहू, अनुभव सोनबेर, सनत साहू, हिलेश साहू, मीनाक्षी खिल्लारी, संगीता मेडम, सफाईकर्मी विनोद साहू, रसोइया, सहायिका शिवकुमारी साहू, जगौती यादव, जमुनाबाई साहू, अश्वनी साहू मौजूद थे।

### अपने 5 साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश करे महापौर : महेंद्र



**धमतरी।** भाजपा नेता महेंद्र खंडेलवाल ने कहा कि महापौर ने धमतरी शहर को विकास के मामले में पांच साल पीछे धकेल दिया। इन पांच साल में शहर में विकास की चिड़िया कहीं नजर नहीं आती। सामान्य सभा की बैठक कराने में तक महापौर सफल नहीं हुए जबकि सामान्य सभा की बैठक में विकास के प्रस्तावों पर मुहर लगती है। विपक्ष के सवालों से बचने के लिए महापौर ने सामान्य सभा की बैठक न कर शहर विकास से समझौता कर लिया। सामान्य सभा के अभाव में न सिर्फ शहर विकास के कई प्रोजेक्ट अटके बल्कि सैकड़ों युवा जाति प्रमाण पत्र बनने का इंतजार करते रहे गए। विभिन्न पेंशन के प्रकरण भी अटक गए। धमतरी के विकास की चिंता करने की बजाय राज्य सरकार पर झूठे आरोप लगाने पर मशगूल है। महापौर को अपने पांच साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश करना चाहिए जिससे स्पष्ट हो जाएगा कि उनके कार्यकाल में शहर में क्या-क्या विकास कार्य हुए हैं।

### लखनऊ में माधुरी सर्वश्रेष्ठ छंदकार से हुईं सम्मानित

**अंवरी।** अखिल विश्व स्तर पर लखनऊ में आयोजित पुरस्कार प्रतियोगिता इसराजी देवी स्मृति एवं रामदयाल स्मृति ग्लोबल पुरस्कार 2024 के लिए पिछले 10 वर्षों में प्रकाशित पुस्तकें गद्य या पद्य पुस्तकें आमंत्रित की गई थी। पद्य क्षेत्र में डॉ माधुरी डड़सेना के नव प्रस्तारित सम्पूर्ण सवैया संग्रह माधुरी मार्तण्ड का चयन श्रेष्ठ पद्य लेखन पर चयन समिति द्वारा नामित किया गया। माधुरी मार्तण्ड नये विधान पर 1165 प्रकार के नये सवैया के श्रेष्ठ पुस्तक के लिए डॉ माधुरी डड़सेना एवं छंदाचार्य डॉ रामनाथ साहू को इसराजी देवी स्मृति एवं रामदयाल स्मृति ग्लोबल पुरस्कार के लिए 5000 रुपए सहित सम्मान पत्र, अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया है। डॉ माधुरी की इस उपलब्धि पर डॉ रामनाथ साहू, कमलेश्वर पटेल, भीखमलाल डड़सेना, यशोदा सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया है। ज्ञात हो डॉ माधुरी डड़सेना को हाल में ही 9 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था कादंबरी जबलपुर द्वारा आयोजित साहित्य सम्मान समारोह में स्व. आशुतोष तिवारी की स्मृति में कादंबरी अलंकरण से सम्मानित किया गया था।

## आयुक्त, उपायुक्त ने निरीक्षण कर समतलीकरण करने का दिया आदेश

# अर्जुनी थाना के पीछे खईया में बनेगा खेल मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

निगम क्षेत्र के बठेना वार्ड स्थित अर्जुनी थाना के पीछे खईया में अब नगर निगम प्रशासन खेल मैदान व सार्वजनिक शौचालय बनाएगा। आयुक्त प्रिया गोयल ने शनिवार को खईया का निरीक्षण कर समतलीकरण करने का आदेश दिया। इस मौके पर उपायुक्त पीसी सार्वा भी उपस्थित थे। खेल मैदान बनाने की घोषणा से वार्डवासियों में खुशी की लहर है। खईया को खेल मैदान बनाने की मांग लंबे अर्से से हो रही थी। अब घोषणा होने से बच्चों को खेलकूद और अन्य गतिविधियों के लिए सुरक्षित स्थान मिलेगा। वार्डवासियों ने निगम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह वार्ड विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।



इस दौरान अधिकारीद्वय ने अर्जुनी थाना के सामने प्रस्तावित सार्वजनिक शौचालय निर्माण स्थल का जायजा लिया। इसके निर्माण में 16 लाख की अनुमानित लागत आएगी। शौचालय के बन जाने वार्डवासियों एवं राहगीरों के लिए सुविधा मिलेगी। स्वच्छता के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं भी मिलेंगी। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शौचालय निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। इस दौरान आयुक्त ने कहा कि लोगों के सहयोग से ही योजनाएं पूरी होती है और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होता है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रकृति जगताप, उपअभियंता लोमश देवांगन, कमलेश ठाकुर, नमिता नागवंशी, ऐश्वर्या दीवान, टिकेन्द्र साहू, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा उपस्थित थे।

### रमसगरी गार्डन में बंद हाईमास्ट लाइट की मरम्मत के निर्देश

निरीक्षण के दौरान रमसगरी गार्डन पहुंची आयुक्त प्रिया गोयल ने गार्डन के विभिन्न क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि गार्डन में लगी हाईमास्ट लाइट बंद हैं। आयुक्त ने बंद लाइट की मरम्मत करवाने के तत्काल निर्देश दिए। आयुक्त के निर्देश के बाद निगम के विद्युत विभाग ने तत्काल लाइट को सुधारने का काम शुरू किया। लाइट जलने से पार्क में आने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

# पुलिस टीम ने शराब बेचते युवक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी पुलिस ने अवैध रुप से शराब की बिक्री कर रहे युवक को पकड़ा। धारा 34 (2)आबकारी एक्ट के तहत की कार्रवाई की गई। नगरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सांकरा रोड धरमकांटा के पास अवैध रुप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी ने तत्काल स्टॉफ को रवाना किया। पुलिस ने रेड कार्रवाई कर मोटर साइकिल बजाज डिस्कवर क्र. सीजी 05 के 7733 में रखकर शराब की बिक्री कर रहे संदेही से नाम पूछने पर उसने अपना नाम कैलाश साहू पिता स्व .अर्जुन साहू उम्र 45 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 09 सांकरा रोड नगरी बताया। मोटरसाइकिल को चेक करने पर 71 पौवा देशी शराब कीमत 6,550 रू, 29 पौवा अंग्रेजी शराब कीमत 4,580 रू, 2 नग बियर कीमत 460 रू, नकदी रकम 8,650 रू, 1 नग मोबाइल कीमत 2,000 रू, 1 मोटर सायकल बजाज डिस्कवर कीमत 15,000 रु, कुल कीमत 37,240 रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में उनि इंदल साहू, तानसिंह साहू, प्रधान आरक्षक हरीश साहू, आरक्षक जीवन ध्रुव, भागवत खांडेकर, ओमप्रकाश निषाद, महिला आरक्षक प्राची गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

## माकरदोना एवं बाजार कुर्रीडीह में शांतिपूर्ण हो रही धान की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुकरेल के प्रबंधक थानेश्वर देवांगन द्वारा समिति के उपार्जन केन्द्र माकरदोना एवं बाजार कुर्रीडीह में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शांतिपूर्ण किया जा रहा है। समिति के नए प्राधिकृत अध्यक्ष हेमलाल ध्रुव के मार्गदर्शन में कृषकों का धान खरीदी केन्द्र में सुविधा प्रदान की जा रही है। धान की गुणवत्ता, नमी एवं शासन द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदंड से अवगत कराया जा रहा है। उपार्जन केन्द्र माकरदोना में 1092 कृषक पंजीकृत हैं। प्रतिदिन 1173 क्विंटल धान लिया जा रहा है। इसी प्रकार समिति के दूसरे उपार्जन केन्द्र बाजार कुर्रीडीह में 576 कृषक पंजीकृत है। प्रतिदिन 653 क्विंटल धान की आवक हो रही है। धान खरीदी का काम 1/3 पूर्ण हो चुका है। परिवहन कार्य किया जा रहा है।

## सतर्कता से ही साइबर क्राइम से बचा जा सकता है : रामटेके



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय नारायण राव मेघा वाले कन्या महाविद्यालय में साइबर अपराध एवं बचाव पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. डीपी रामटेके सहायक प्राध्यापक शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद जांजगीर चांपा थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने की। विशिष्ट अतिथि प्राध्यापक डॉ. डीआर चौधरी, डॉ.रोहिणी मरकाम थे।

मुख्य अतिथि डॉ. डीपी रामटेके ने टेक्नोलॉजी के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान में कंप्यूटर को हमने इंटेलिजेंट बनाया है इसलिए वह हमारी पूरी जानकारी जैसे फोटो बैंक डिटेल आदि सूचनाओं को डेटाबेस में संरक्षित कर लेता है। मोबाइल में इंटरनेट कनेक्शन लगातार ऑन रहने से हमारी हर एक गतिविधि की जानकारी शेयर होती रहती है जिसका गलत उपयोग किया जा सकता है। वर्तमान में इंटरनेट तथा सोशल मीडिया के अधिक उपयोग से डेटाबेस की चोरी, आइडेंटिटी ट्रैपिंग फिसिंग, डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर क्राइम की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। अपराध से बचने के लिए उन्होंने कहा कि जागरूकता और सतर्कता ही बचाव है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जयश्री रणसिंह राजनीति विज्ञान तथा आभार व्यक्त पूर्णिमा साहू कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग ने किया।

## तारण तरण जयंती पर बंद रहीं मांस विक्रय की दुकानें



- निगम टीम ने शहर की दुकानों का किया निरीक्षण, 18 दिसंबर को भी रहेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम ने शनिवार को संत बाबा तारण तरण जयंती के अवसर पर शहर में मांस विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया। निगम टीम ने शहर भर में निरीक्षण करते हुए मांस विक्रय की सभी दुकानों को बंद कराया।

निगम टीम ने बताया कि धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के इस दिन को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए यह प्रतिबंध लगाया गया। निगम की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में भ्रमण किया और आदेश का पालन किया। गुरु घासीदास बाबा जयंती पर भी धमतरी में मांस विक्रय पर पूर्ण रोक रहेगी। निगम ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे आदेश का पालन करें। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नगर निगम की टीमें पूरे शहर में गश्त करेंगी।

### पदोन्नत प्रधानपाठिका को दी गई विदाई

**नगरी।** प्राथमिक शाला थानापारा सिहावा में पदस्थ श्रीमती पूनम सोनवानी प्राथमिक शाला कर्राघाटी की प्रधानपाठिका बनाई गई। उनकी पदोन्नति होने के बाद शाला परिसर में विदाई कार्यक्रम रखा गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। पूनम सोनवानी इस विद्यालय में 15 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किये। शाला परिवार की ओर से न्योता भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को खीर पूड़ी खिलाई गई। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रपा तोमलसिंह साहू, माध्यमिक शाला सिहावा की प्रभारी पाठिका ताज बेगम, पवन देवांगन प्रधानपाठक प्राथमिक शाला सिहावा, शिक्षक कविता यदु, सेवक साहू, ललिता नेताम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कंचन पटेल, उपाध्यक्ष मानो वर्मा, पूजा मानिकपुरी, तारिका निषाद, कामिनी पटेल, ललिता पटेल, ललिता यादव, संतोषी निषाद, नीलकंठ पटेल सहित पालकगण उपस्थित थे।

## टीबी, कुष्ठ के संदेहास्पद मरीजों की हुई पहचान

- सिविल अस्पताल नगरी में निक्षय निरामय और उपचार अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

निक्षय निरामय और उपचार अभियान का विकासखण्ड स्तरीय शुभारंभ सिविल अस्पताल नगरी में किया गया। मुख्य अतिथि प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा थे।

कार्यकम की अध्यक्षता कर रहे डॉ अरुण नेताम बीएमओ नगरी ने बताया कि यह 100 दिवसीय अभियान है जो कि 7 दिसम्बर से 24 मार्च 2025 तक चलेगा। यह अभियान चार अलग चरणों में सम्पन्न होगा। अभियान में टीबी, कुष्ठ के संदेहास्पद मरीजों की पहचान, जांच उपचार के साथ ही 60 वर्ष से अधिक वृद्धजनों के स्वास्थ्य का परीक्षण व सर्वे करते हुए उनकी विशेष आवश्यकताओं के आकलन करते हुए उन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा। विभिन्न स्तर पर हेल्थ कैम्प आयोजित होगा। लोगो कों जागरूक भी किया जाएगा।



कार्यकम का संचालन कर रहे हितेन्द्र साहू बीपीएम नगरी ने बताया कि इस हेतु व्यापक तैयारी की गई है। मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। कहीं- कहीं पर वालंटियर्स की भी ड्यूटी लगाई गई है। विशिष्ट अतिथि नपं नगरी के वरिष्ठ भाजपा सदस्य नागेंद्र शुक्ला और कमल डागा ने कहा कि सभी जनमानस इस अवसर का लाभ उठाएं और सर्वे दल को अपने स्वास्थ्य से संबंधित सही जानकारी दें। मुख्य अतिथि ने इस अभियान की सफलता की कामना की। इस दरम्यान दो वृद्धजनों को ग्लूकोमीटर का निःशुल्क वितरण तथा 70 वर्ष से अधिक उम्र के चार लोगों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ टीके मरकाम, डॉ दीपिका साहू, डॉ शारदा साहू सहित समस्त स्टाफ और जनमानस उपस्थित थे।

## पेट दर्द से परेशान युवक ने किया जहर सेवन, मौत

**धमतरी।** पेट दर्द से परेशान होकर एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के दुर्गा चौक रूद्री निवासी कुंजलाल साहू पिता कलीराम उम्र 38 वर्ष खेती किसानी का काम करता था। युवक तीन साल से पेट दर्द की बीमारी से पीड़ित था। शुक्रवार को युवक शराब सेवन कर घर पहुंचा। पेट दर्द से परेशान होकर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। शनिवार की सुबह युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

## नुक्कड़ नाटक से एड्स के प्रति किया जागरूक



- स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर एड्स से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की रासेयो इकाई 2 एवं रेड रिबन क्लब इकाई 2 के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डा. अरुण मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत चर्चा में एड्स जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को एड्स के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर एड्स से बचाव, जागरूकता और मिथकों को दूर करने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी को रचनात्मक एवं मनोरंजक तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिससे ग्रामवासियों में एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ी।

यह अभियान समाज में एड्स को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई है। कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले ने इस अभियान की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान स्वयंसेवक मनीषा, अन्नपूर्णा, लक्ष्मी, डिप्टी, दामिनी, हुलसी, मानसी, सुनंदा आदि उपस्थित थे।

## गायत्री मंदिर व सेंचुरी गार्डन के ओव्हरहेड टेंक की हुई सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- सफाई के बाद वार्डवासियों को मिला पानी

ओव्हरहेड टेंकों की सफाई की इस कड़ी में दूसरे दिन गायत्री मंदिर व सेंचुरी गार्डन के पास स्थित ओव्हरहेड टेंक की वैज्ञानिक तरीके से सफाई हुई। सफाई के बाद शाम को वार्डवासियों को शुद्ध पेयजल मिलना प्रारंभ हो गया। जल विभाग के अध्यक्ष अवैश हाशमी ने बताया कि जल विभाग की कुशल कार्यशैली का परिणाम है कि पेयजल बाधित नहीं हुआ। सही समय पर नागरिकों को पानी मिलना प्रारंभ हो गया। दोनों टंकियों की सफाई सतगुरू सेल्स सर्विसेस रायपुर की टीम के द्वारा वैज्ञानिक तरीके से की गई। कर्मचारियों ने टंकी में जमी काई की परत को साफ किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

## ग्राम करेठा में अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का हुआ आयोजन

# अस्पृश्यता एक अभिशाप, जिसे मिलकर दूर करना होगा : रंजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन ग्राम करेठा में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू थीं। सहायक संचालक विमल कुमार साहू जिला प्रशासन आदिवासी विभाग ने बताया कि अस्पृश्यता को खत्म करने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 का प्रावधान है। यह अनुच्छेद अस्पृश्यता की प्रथा पर रोक लगाता है और उसे प्रतिबंधित करता है। इसमें सजा का भी प्रावधान है। पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि अस्पृश्यता, जाति व्यवस्था पर आधारित एक सामाजिक बहिष्कार की प्रथा है। यह प्रथा लंबे समय से चली आ रही थी जिसे संविधान में अनुच्छेद 17 से हटाकर देश में सब एक की भावना लाई गई। आज सभी समाज संगठित होकर चल रहे हैं और बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के सपनो को आगे बढ़ा रहे हैं। मोदी जी के विकसित भारत संकल्प को पूरा कर रहे हैं किंतु कुछ जगह आज भी अस्पृश्यता की भावना लोगों में है, जिसे दूर करने सभी अपने सामाजिक दायित्व को पूरा करने की आवश्यकता है। जनपद सदस्य जागेंद्र साहू ने कहा कि अस्पृश्यता लंबे समय से चली आ रही है। अस्पृश्यता को खत्म करने के लिए समानता का अधिकार भी अहम भूमिका निभाता है। अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर में पूर्व विधायक सहित सर्व समाज ने एक साथ भोजन कर समरसता का संदेश दिया। मौके पर सरपंच संजय भेंसले, लता साहू, दानीटोला वार्ड पार्षद अज्जू देशलहरे, दयाराम सिन्हा, पंचराम सिन्हा, सुनीता ध्रुव, उपसरपंच घनश्याम ध्रुव, सतनामी समाज अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़, शेष कुमार ध्रुव सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।




चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)


डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020